| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**जगदीश बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर)**<br>सू.अ.अपील संख्या 73/2023 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 13.03.23 | अपीलार्थी जगदीश प्रसाद पुत्र हनुमान राम निवासी ग्राम लोरडी देजगरा, तहसील व जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 12.01.2023 में उसके द्वारा कार्य आईडी – 2715006194/डीपी 112908436079 सरकारी परिसम्पतियों में पौधारोपण कार्य (पंचायत भवन, सरकारी स्कूल, श्मसान भूमि, हुलार नाडी पाल) में कार्य का ब्यौरा एवं अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(हिमान्शु गुप्ता)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर<br>जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.) | |